एक नजर में

समय ही जीवन की परिभाषा है-प्रभावतीजी

देवास। मनुष्य वास्तव में अकेला है। अकेला ही आया है और अकेला ही जाएगा। उसका सारा धर्म-कर्म एकांतमय है। उसे अपनी परिस्थितियों पर स्वयं विचार करना पड़ता है। अपने लाभ-हानि का निर्णय भी उसे स्वयं करना पड़ता है, अपने उत्थान-पतन के साधन स्वयं उपलब्ध करने होते हैं। इस संघर्षमय दुनिया में जो भी अपने पैरों पर खड़ा होकर अपने बलबूते चल पड़ता है, वह चल लेता है, बढ़ जाता है और अपना स्थान प्राप्त कर लेता है। मनुष्य के वास्तविक सुख-दुख, हानि- लाभ, उन्नति-पतन, बंधन मोक्ष का जहां तक संबंध है, वह सब एकांत के साथ जुड़ा है। उक्त प्रेरणादाई विचार ग्राम रूपालीपुरा में मानव उत्थान सेवा समिति के सक्रिय कार्यकर्ता स्व .चेनसिंह कर्मा की स्मृति में आयोजित सत्संग समारोह में श्री सतपाल जी महाराज की शिष्या प्रभावती जी ने कहीं। आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में उपस्थित अध्यात्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए साध्वी जी ने कहा रुपया-पैसा, जायज़ाद, स्त्री-कुटुंब आदि हमें अपने दिखाई देते हैं, पर वास्तव में अपने है नहीं। ये सभी चीजें शरीर की सुख-सामग्री मात्र है। शरीर छुटते ही इनसे सारा संबंध क्षणमात्र में छूट जाता है, फिर कोई किसी का नहीं रहता। एक साधक को चाहिए कि वह नित्य कुछ समय एकांत सेवन करें। इसके लिए यह जरूरी नहीं कि वह किसी जंगल, नदी या पर्वत पर जाएं। अपने आस-पास ही कोई शांति स्थान चुन लो। जो सच्चे हृदय से विश्वास पूर्वक ऐसा करेगा वह कुछ ही समय में सच्चे आत्मज्ञान की ओर बढ़ जाएगा। सांसारिक घोर पाप, दुष्कर्म, बुरी आदतें, जो नीच वासनाएं और नरक की और घसीट ले जाने वाली कुटिलताओं से उसे छुटकारा मिल जाएगा। इस मौके पर उपस्थित संत शारदा जी ने भजन.... तूने हीरा सा जन्म गवाया भजन बिना... की सुंदर प्रस्तुति देते हुए कहा संसार में ऐसी कोई भी वस्तु नहीं जिसकी प्राप्ति मनुष्य के लिए असंभव हो। प्रयत्न और पुरुषार्थ से सभी कुछ पाया जा सकता है, लेकिन एक ऐसी भी चीज है, जिसे एक बार खोने के बाद कहीं नहीं पाया जा सकता है और वह है - समय । एक बार हाथ से निकला हुआ समय कभी हाथ नहीं आता। कहावत है - बीता हुआ समय और कहे शब्द कभी वापस नहीं बुलाए जा सकते। समय परमात्मा से भी महान है। भक्ति साधना द्वारा परमात्मा का साक्षात्कार कई बार किया जा सकता है, लेकिन गुजरा हुआ समय पुन नहीं मिलता। समय ही जीवन की परिभाषा है, क्योंकि समय से ही जीवन बनता है। समय का सदुपयोग करना जीवन का उपयोग करना है, समय का दुरुपयोग करना जीवन को नष्ट करना है। समय किसी की भी प्रतीक्षा नहीं करता, वह प्रतिक्षण, घंटे, दिन, महीनों, वर्षों के रूप में निरंतर अज्ञात दिशा में जाकर विलीन होता रहता है। इसलिए समय का आप जितना लाभ उठा सकते हैं, उठाएं। आप वक्त को नष्ट करेंगे, तो वक्त भी आपको नष्ट कर देगा। वक्त के सुदुपयोग पर ही आप कुछ बन सकते हैं।

45 दिन बाद आज मौन व्रत तोड़ेंगे पंडित शर्मा

भौरासा। ग्राम भलाई कला में श्री सूर्यमुखी इच्छा पूरण बालाजी धाम खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी भक्त गुरुजी श्री 108 महामंडलेश्वर पंडित बाबूलाल शर्मा आज अपना मौन व्रत तोड़ेंगे भलाई कला ग्राम के अर्जुन सेंधव ने बताया कि महाराज बाबूलाल जी शर्मा ने दिनांक 10 जनवरी से आज 24 फरवरी 2026 तक मौन व्रत क्षेत्र व प्रदेश एव देश की सुख समृद्धि एव खुशहाली के लिए यह मौन व्रत रखा था जो आज सुबह 11 बजे यह मौन व्रत तोड़ा जाएगा जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में काफी उत्साह का माहौल है व भलाई कला के ग्रामीण क्षेत्रों ने आज इस आयोजन पर एक विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर महाराज के दर्शन एवं भंडारे में भोजन प्रसादी का लाभ लेने की अपील ग्राम वासियों द्वारा की गई है।

त्योहारों को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

देवास। देवास जिले में आगामी त्यौहारों होली, धुलेण्डी, रंगपंचमी, ईद-उल-फितर, राम नवमी, महावीर जयंती आदि त्यौहारों पर कानून व्यवस?था तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श के लिए जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में सभी के सहयोग से सारे त्यौहार शांति व सौहार्द पूर्वक मनाये जाते है। आगे भी इसी प्रकार सौहार्द पूर्वक सभी त्यौहार मनाये। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि सभी सदस्य शांति व सौहार्द की परंपरा को कायम रखते हुए त्यौहार मनाने के लिए नागरिकों को जागरूक करें। बैठक में शांति समिति के सदस्यों से सुझाव लिये गये एवं सदस्यों द्वारा दिये गये सुझाओं पर अमल करने का आश्वासन दिया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाती है, किंतु यह सब आमजन के सहयोग के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर कंडों का प्रयोग करें। हरे-भरे वृक्ष न काटे। होली आयोजन समितियां सुनिश्चित करें कि बिजली के तारों के नीचे होली न जलाए। होलिका दहन के लिए किसी का लकड़ी का सामान उठाकर न ले जाएं। सड़क पर मिट्टी बिछाकर होली दहन करें जिससे सड़क खराब नहीं हो। होली पर केमिकल वाले रंगों का उपयोग नहीं करें। गुलाल आदि सूखे रंगों का उपयोग करते हुए होली खेली जाये। पानी का अपव्यय नहीं करें। विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा को देखते हुये डीजे का उपयोग नहीं करें। डीजे पर सख्ती रहेगी। डीजे बजते दिखने पर 112 पर सूचना दें, तत्काल कार्यवाही की जाएगी। त्योहारों पर डीजे के स्थान पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों जैसे ढोल का उपयोग करें। त्यौहारों पर आयोजन की पूर्व अनुमति अनिवार्य रूप से लें। जिले में प्रतिबन्धात्मक आदेश लागू है, सभी नागरिक उसका पालन करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति त्यौहार के दौरान जबरन चंदा वसूली नहीं करेगा और ना ही किसी को जबरजस्ती रंग या गुलाल लगाएगा। नगर निगम त्यौहार के दौरान पानी की समुचित आपूर्ति करेगा। नगर निगम होली और रंग पंचमी को शाम को पानी का वितरण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जुलूस मार्ग पर सड़कों के गड्ढे प्राथमिकता से भरे जाये। विद्युत वितरण कंपनी निरंतर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करें। नगर निगम द्वारा साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाएं की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग मेडिकल स्टॉफ, एम्बुलेंस, दवाईयां व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने त्यौहार के दौरान फायर ब्रिगेड, ट्रैफिक व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने कहा कि सभी लोग शांति व सद्भाव से त्यौहार मनाए। कोई भी व्यक्ति गलत कार्य करता है तो उस पर कार्यवाही की जायेगी। पूर्व निर्धारित स्थान पर ही होली जलाये, यदि नये स्थान पर होली जलाते है, तो उसकी अनुमति लें। तेज गति से गाड़ी चलाने, शराब पीकर गाड़ी चलाने पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। यदि कोई भी व्यक्ति लॉ एंड ऑर्डर तोड़ता है तो उस पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, जिला शांति समिति के सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी और अन्य आम लोग उपस्थित थे।

वन समिति अध्यक्ष ने रेंजर पर लगाए गंभीर आरोप

निलंबित कर्मचारियों ने कहा- हमें जा रहा है फंसाया

देवास। खातेगांव वन विभाग रेंज मनोरा दक्षिण बीट में कूप कटाई के बाद अवैध रूप से सागौन के लट्ठे वन समिति के अध्यक्ष यहां पहुंचने का मामला अब नए मोड़ पर आ गया इस मामले में वन समिति के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद ने जहां गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्य प्रधान वनरक्षक सीआरपीएफ और टीआरपी को शपथ पत्र के साथ लिखित शिकायतकर रेंजर गुलाब सिंह निगलवार पर गंभीर आरोप लगा है। उधर निलंबित कर्मचारियों ने भी मामले में अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए जबरन फसाने की बात कही है। विधायक आशीष शर्मा ने इस मामले में विधानसभा ध्यानआकर्षण लगाया है। उल्लेखनीय है कि 8 फरवरी को जंगल में कूप की कटाई की लकड़ी के वनकर्मियों ने डीपी में ना भेजते हुए एक किसान के घर भिजवा दी जबकि यहां लकड़ी चंद्रशेरा डिपो काटा कांट फोड़ पर नीलामी के लिए भेजना थी। मामले में जब शिकायत हुई तो ग्राम किशनपुर में कार्रवाई करते हुए वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद सोनी के खेत से लगभग 60 नग सागौन के लट्ठे जब्त किए थे। इस घटनाक्रम के बाद डिप्टी रेंजर संतोष भाटी नाकेदार दीवाकर यादव अजय श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया था। उधर आरोपों को लेकर एसडीएओं कन्नौद दिनेश वास्कले रेंजर निगवाल से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन दोनों ही कॉल नहीं रिसीव किया।

मुझसे रेंज छीनने के लिए रचा षड्यंत्र मामले में डिप्टी रेंजर संतोष भाटी ने कहा कि वन समिति के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद का ट्रैक्टर अधिकारी झूठ बोलकर ले गया और उसे आरोपी बनाया वही में तो अवकाश का आवेदन देकर अपने गांव छुट्टी पर गया था। हम अधिकारियों की मांगों को पूर्ण नहीं कर पा रहे थे तो उन्होंने हमें फसाने के लिए एक षड्यंत्र रचा। हम निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। अधिकारियों ने षडयंत्रपुर्वक खुद को बचाने के लिए हम पर कार्रवाई की है। वहीं नाकेदार दिवाकर यादव ने बताया रेंज को मौखिक आदेश पर डंपिंग का कार्य किया गया है। हमें षडयंत्र पूर्वक फंसाने साजिश की गई है। खुद को बचाने के लिए हमें लोगों को मोहरा बनाया है हम वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्ष से जांच की मांग करते हैं।

इनका कहना हैं

बड़े अधिकारी जिम्मेदार हैं एसडीओ वन रेंज की मिलीभगत से जंगल से लकड़ी पार की है इस मामले की जिम्मेदारी बड़े अधिकारी है जबकि कार्रवाई छोटे कर्मचारियों पर की गई इस मामले को लेकर विधानसभा में ध्यानआकर्षण लगाया है।

आशीष शर्मा विधायक कन्नौद खातेगांव

मामले की जांच के लिए भोपाल मुख्यालय स्तर पर एक दल गठित क्या है। दल में दो डीएफओ एक एसडीओ शामिल हैं जिन्होंने जांच प्रारभ कर दी है।इसके अलावा हमने भी टीम गठित की है। जो उनके साथ में जांच कर रही है। और हमें दूसरे डिवीजन के लिए अधिकारियों से पूरे क्षेत्र की जांच बारीकी से करवा रहे हैं जो भी दोषी होगा उसे पर कड़ी सजा देंगे।

आलोक पाठक, सीसीएफ उज्जैन

रेंजर सहित वन विभाग की टीम ने आकर बनाया दबाव

वन समिति अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद का कहना है कि 8 फरवरी को खातेगांव रेंजर गुलाब सिंह निगवाल एवं कूप प्रभारी के कक्ष क्रमांक 253 में मुझसे कहा कि अभी हमारे पास लट्ठे की मांग है। मांग से अधिक लट्ठ कटा हुआ है जब जरूरत लगेगी मांग के अनुसार हम आपसे उक्त लट्ठे लकड़ी वापस ले लेंगे। उनके कहने पर ही लकड़ी मेरे यहां रखी गई है इसके बाद 16 फरवरी को मेरे यहाँ रेंजर निगवाला एसडीओ दिनेश वास्कले सहित वन विभाग की टीम में आकर मेरे खिलाफ कार्रवाई की बात कहने लगे रेंजन निगवाला ने दबाव बनाया कि डिप्टी रेंजर संतोष भाटी के नाम ले तो ही तू बचा बचेगा नहीं तो केस बनाकर वाहन को राजसात करवा दूगां मैंने उनके वीडियो भी बनाया जो वन विभाग के अधिकारियों के मोबाइल में कैद है डिप्टी रेंजर संतोष भाटी का मामले से कोई लेना देना नहीं है 17 फरवरी को ग्राम पंचायत किशनपुरा में पंचायत सरपंच सचिव एंव अन्य पंचो उपस्थिति में एक पंचनामा तैयार किया गया जिसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि नर्मदा प्रसाद द्वारा अपना ट्रैक्टर अधिकारियों के कहने पर किराए पर दिया था।

रोजगार सहायक पर निजी कुएं के नाम पर लाखों की हेराफेरी का आरोप

मनरेगा में बड़ा फर्जीवाड़ा

देवास। जनपद पंचायत बागली अंतर्गत ग्राम पंचायत फांगटी, तहसील हाटपिपलिया में मनरेगा योजना के तहत गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक जितेंद्र सिंह सेंधव पर स्वयं के निजी लाभ के लिए मनरेगा राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार वर्ष 2024-25 में मनरेगा अंतर्गत कूप निर्माण कार्य अपने ही भतीजे सचिन पिता नरेंद्र सिंह सेंधव के नाम से स्वीकृत कराया गया। आरोप है कि संबंधित कार्य अन्य पंचायत की भूमि पर कराया गया, जबकि भुगतान उस पंचायत से किया गया जहां रोजगार सहायक पदस्थ था। उक्त कार्य का वर्क कोड 1720005022/ आईएफ/ 22012035300690 बताया गया है। शिकायत में उल्लेख है कि जॉब कार्ड के माध्यम से मजदूरी मद में लगभग 1,63,242 रुपये की राशि फर्जी तरीके से आहरित की गई। साथ ही यह भी आरोप है कि कूप निर्माण की स्वीकृत राशि 3.50 लाख रुपये से अधिक करवाई गई, किंतु कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया शिकायतकर्ता ने बताया कि मामले की शिकायत 18 नवंबर को सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज कराई गई थी, परंतु अब तक न तो किसी प्रकार की जांच प्रारंभ की गई है और न ही कोई कार्रवाई की गई है।

आरोप यह भी है कि जनपद स्तर के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह फर्जीवाड़ा संभव हुआ है।शिकायतकर्ता ने जनपद पंचायत बागली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजू मेडा को भी इस संबंध में अवगत कराया, किंतु उनके स्तर से भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना में कथित अनियमितता ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग इस गंभीर आरोप की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करता है या नहीं।

परीक्षा केंद्र पर्यवेक्षक बिलावलिया निलंबित

देवास। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने देवास जिला अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश भोपाल की परीक्षा वर्ष 2025-26 के दौरान पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा विद्यालय चिडावद में पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक आशीष बिलावलिया को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी टोंकखुर्द रहेगा तथा निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

देवास। छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के उपलक्ष्य में श्री क्षत्रिय युवा मराठा समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई भोपाल चौराहा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज पार्क, भोपाल चौराहा पहुंची, जहां महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया। श्री क्षत्रिय युवा मराठा समाज एवं सर्व मराठी भाषिक हिंदू समाज, देवास के प्रमुख सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देना है।

शोभायात्रा में नासिक ढोल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। यात्रा में हिंदू समाज के सभी वर्गों के लोग, मातृशक्तियां और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। यात्रा के समापन अवसर पर आयोजकों ने शोभायात्रा में शामिल सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं मातृशक्तियों का आभार व्यक्त किया।

राजपूत समाज के राम मंदिर में फ्लेक्स फाड़ने को लेकर विवाद

देवास। सुभाष चौक के अखाड़ा रोड स्थित राजपूत समाज के श्री राम मंदिर पर 22 फरवरी को राजपूत समाज के कोषाध्यक्ष मेहरबान सिंह ठाकुर के साथ शैलेंद्र सिंह गौड़ उर्फ नानू डॉक्टर द्वारा मारपीट की गई।

फरियादी मेहरबान सिंह ठाकुर ने बताया कि गत वर्ष हुए राजपूत समाज के चुनाव में पूर्व कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह गौड को हटाकर मुझे कोषाध्यक्ष बनाया गया था तब से शैलेंद्र मुझसे रंजिश रखाता था। इसके द्वारा शंकर भगवान के मंदिर की दीवार पर लोगों के नाचते गाते फोटो लगाए गए थे। जिसे समाज अध्यक्ष ने 1 वर्ष पूर्व से ही इसे निकालने का कह दिया था, लेकिन इसने वो नहीं निकाले। कल समाज के पदाधिकारी ने वह फ्लेक्स हटाकर उस जगह पर 12 ज्योतिर्लिंग शंकर भगवान का फ्लेक्स लगा दिया। जिससे चिड़कर इसने मेरे साथ मारपीट कर मुझे जान से मारने कि कोशिश की। शैलेंद्र सिंह उर्फ नानू डॉक्टर देवास पुलिस की अपराधी की सूची में दर्ज होकर अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

इसके खिलाफ कई मुकदमे पूर्व से दर्ज हैं। राजपूत समाज के लोग शैलेंद्र सिंह गोड के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर एस पी कार्यालय पहुचकर ज्ञापन दिया।

अग्रवाल समाज के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

अग्रवाल अध्यक्ष, गोयल सचिव

देवास। अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण बैठक अग्रवाल समाज धर्मशाला नयापुरा पर आयोजित की गई जिसमें नवीन कार्यपरिषद को आगामी कार्यकाल 2026-2028 के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष सोहन लाल अग्रवाल, संवरक्षक प्रेमकुमार अग्रवाल, ताराचंद सिंघल (गुरु), उपाध्यक्ष भगवान गोयल, गोविंद गोयल, कोषाध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव विजय कैलाशचंद्र गोयल, सह सचिव ओमप्रकाश बंसल, कार्यालय प्रमुख कैलाश अग्रवाल (हरदावाले), कार्यकारिणी सदस्य हुकमचंद अग्रवाल (निपनिया वाले), जगदीश प्रसाद गर्ग (चूनेवाले), दिनेश मोदी, राजेश अग्रवाल (मामा) । विशेष आमंत्रित सदस्य (को आप्शन) में हरिशचंद्र अग्रवाल (होजियरी वाले) , पवन गोयल (बेकरी वाले) को सर्वसम्मति से नई कार्यपरिषद में शामिल किया गया। सभी समाज सदस्यों ने निर्विरोध निर्वाचित कार्यपरिषद को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष सोहन लाल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी के सहयोग ने हमारा आत्मविश्वास और प्रबल कर दिया है में आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमारी पूरी टीम समाज की एकता अखंडता बनाए रखने एवं समाज के चहुमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेगी आभार समाज सचिव विजय कैलाशचंद्र गोयल ने माना।

श्री भभक नरसिंह गुरु महाराजजी की 57 वी पुण्यतिथि मनाई

श्री गणेश देवस्थान में सजाया भव्य फूल बंगला

देवास। संत श्री भभक नरसिंह गुरु महाराजजी की 57वी जयंती भव्य धार्मिक आयोजन के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य फूल बंगले के साथ श्री की पादुका पूजन, लड्डुओं से मंत्रार्चन, रामायण पाठ, हवन एवं मंगल आरती के साथ भजन गायक द्वारका मंत्री द्वारा भव्य भजनों की प्रस्तुति दी, तत्पश्चात आयोजित भंडारे में हजारों भक्तो ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉ प्रदीप कयाल (अशोकनगर) ने परिवार सहित पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर बड़नगर तहसीलदार रुपाली जैन, दुर्गेश अग्रवाल, राजीव खंडेलवाल, मनोज राजानी, रेखा वर्मा, प्रमोद सोनी (झाबुआ), हरीश राठी (पिपरिया), एल एन धूत (रतलाम) से मुख्य रूप से उपस्थित थे। आगंतुको का स्वागत महेंद्र दुबे, संतोष विजयवर्गीय, प्रेम चौधरी (डॉक्टर), रोहित सुपेकर, विजयकुमार विजयवर्गीय, गणेश पोहानी ने किया। पुष्पों से श्रृंगार प्रतीक्षा निमित चौधरी एवं आचार्यत्व पं अजय कानूनगो का रहा।

एक नजर सहायक यंत्री के साथ निरीक्षण कर बिजली की खपत में करें सुधार

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर दोपहर बाद के सफाई कार्यों का निरीक्षण करेंगे उपायुक्त : आयुक्त

देवास। आयुक्त दलीप कुमार ने गत सप्ताह ली गई समीक्षा बैठक में दिये निर्देश जिसकी समीक्षा कर वार्डवार जानकारी ली। 23 फरवरी सोमवार को आयुक्त दलीप कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश जारी किये। निगम विद्युत विभाग से विद्युत खपत कन्ट्रोल को लेकर किये गये कार्यों की उपयंत्री पलक श्रीवास्तव एवं जीवन रावत से विस्तृत जानकारी लेते हुए बोरवेल, ट्यूबवेल, पम्प स्टेशनों तथा विद्युत संयोजनों को 31 मार्च तक पावर फैक्टर, एफिशियन्सी (दक्षता) को पूर्णत चेक करने के निर्देश दिये साथ ही ऐसे कनेक्शन भी चेक करें जहां से स्ट्रीट लाइट की केबल या बोरवेल से विद्युत कनेक्शन का अन्य उपयोग हो रहा है को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। पावर प्लांटो पर ए.एच.पी. के कर्मचारी तथा निगम सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी के साथ निरीक्षण कर विद्युत खपत में सुधार करें। स्मार्ट मीटर की जानकारी आयुक्त ने ली तथा नये स्मार्ट मीटर सभी कनेक्शन पॉइंट पर लगें उसकी मॉनिटरिंग करने के साथ विद्युत कनेक्शन का फिजिकल वेरिफिकेशन के भी निर्देश दिये। अनुग्रह सहायता राशि की जानकारी लेते हुए आयुक्त ने स्वनिधि से समृद्धि योजना पर फोकस देने तथा संकल्प से समाधान के प्राप्त आवेदनों का निराकरण कराये जाने के लिये उपायुक्त श्री जाफरी को मानिटरिंग करने हेतु कहा। मेरिज गार्डनों से निकलने वाले वेस्ट का निपटान केसे हो रहा है चेक करें। मैरिज गार्डन के वेस्ट का सिवरेज से कनेक्शन पाया जाता है तो पेनल्टी लगाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। अमृत हरित अभियान को लेकर पौधारोपण स्थान चयन कर रिपोर्ट देने हेतु सहायक यंत्री उद्यान को निर्देशित किया। सामाजिक न्याय से जुडी सभी योजनाओं को लेकर वार्डों में अभियान चलावें।

वार्डों मे कोई पात्र हितग्राही योजना से वंचित नहीं है का प्रमाण भी लेना होगा तथा समग्र ई केवायसी का कार्य शत प्रतिशत हो के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारी को दिये। कचरा संग्रहण वाहनों में गार्बेज को लेकर जिन कचरा संग्रहण वाहनों में गीला, सूखा कचरा प्रथक प्रथक लेने हेतु सभी स्वच्छता निरीक्षक एवं दरोगाओं को निर्देशित किया। आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए सभी वार्डों में चारों निगम उपायुक्तों को दोपहर पश्चात भी स्वच्छता के कार्यों के लिये वार्डों में जाने के निर्देश देते हुए जिन वार्डों में दोपहर पश्चात पूर्णत सफाई नहीं हो रही है पर फोकस करने हेतु कहा। दोपहर पश्चात वार्डों में सफाई मित्रों उपस्थित नहीं पाये जाते हैं तो उनकी अनुपस्थिती दर्ज करें। आयुक्त ने शासन निर्देशानुसार 25 फरवरी को वार्डो में निगम करों की वसुली को लेकर विशेष वसूली अभियान चलाये जाने के साथ सम्पत्तिकर राशि पचास लाख का, जलकर राशि दस लाख, कचरा संग्रहण शुल्क वसूली पांच लाख का लक्ष्य चारों उपायुक्तों एवं अधिकारियों को दिये। सम्पत्तिकर वसूली को लेकर खाली प्लाटों का सर्वे कराये जाने के निर्देश राजस्व अधिकारी को दिये। आयुक्त ने समयावधि पत्रों के साथ सी.एम हेल्पलाईन तथा 311 एप पर प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिये।